विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

पटना, 22 नवंबर 2016
13 | दैनिक जागरण

महागठबंधन सरकार का 1 साल

दिनांक– 22.11.2016 (मंगलवार)

# नगर निकायों में टीवीसी देगी फुटपाथ दुकानदारों को संरक्षण

**राज्य ब्यूरो, पटना :** सरकार ने रिपोर्ट कार्ड में शहरी क्षेत्र के फुटपाथ दुकानदारों को टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) के जरिए संरक्षण देने का भरोसा दिलाया है। महागठबंधन सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों में नगर विकास एवं आवास विभाग ने कहा कि अभी तक 80,990 फुटपाथ दुकानदार चिन्हित किए गए हैं। ऐसे दुकानदारों को स्थाई रूप से बसाने के लिए सरकार सभी नगर निकायों में वेंडिंग जोन चिह्नित करने की कवायद में जुटी है। इसके तहत 482 वेंडिंग जोन चिह्नित किए गए हैं। सरकार ने एक वर्ष में दो नये नगर पंचायत हरनौत और बारसोई के गठन के साथ छपरा नगर परिषद को अपग्रेड कर नगर निगम बनाने को भी उपलब्धियों में शामिल किया है। बोधगया और राजगीर का मास्टर प्लान बनाने के लिए दोनो शहरों के सीमा क्षेत्र तय करने की घोषणा की गयी है। तीन दशक से सार्वजनिक परिवहन सुविधा विहीन शहरों में सरकार ने 650 से अधिक बसें चलाने की योजना बनायी है। इसके तहत 141 बसों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हरी झंडी दिखा चुके हैं जबकि शीघ्र ही 526 बसें और चलाने की तैयारी है।

- पटना का मास्टर प्लान 2031 मंजूर
- सभी नगर निकायों का होगा अपना दफ्तर
- शहरी क्षेत्र के बेघरों को सरकार देगी 30 वर्गमीटर का पक्का घर
- बिहार राज्य आवास बोर्ड के प्लॉट, फ्लैट और मकान का होगा नये सिरे से आरक्षण निर्धारण
- पटना में बनेगा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल
- शहरी क्षेत्र में सरकार 602 करोड़ रुपये की लागत से चार वर्ष में बनाएगी 7,52,863 शौचालय
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निकायों में 42142 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण पूर्ण
- ठोस कचरा प्रबंधन के लिए सरकार सभी शहरों में लगाएगी खाद प्रसंस्करण इकाई